# अभ्यास प्रश्न बैंक

## कक्षा -5




समग्र शिक्षा

राज्य शिक्षा केन्द्र मध्यप्रदेश
मध्यप्रदेश शासन, स्कूल शिक्षा विभाग

# अभ्यास प्रश्न बैंक
## कक्षा-5, विषय- पर्यावरण अध्ययन

**निर्देश : प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के रूप में चार विकल्प दिए गए हैं, सही विकल्प चुनकर उस पर गोल घेरा (A) बनाइए -**

L O CODE : EVS-501

प्र.1 सोनू ने चीटियों की कतार के बीच में पेंसिल रखकर उनका रास्ता रोका, तो कुछ चींटियां अपनी कतार से अलग चलने लगती हैं, क्योंकि-

(A) वे रास्ता भटक जाती हैं। (B) वे घबरा जाती हैं।

(C) उन्हें अपनी साथी चींटियों की गंध नहीं आती है। (D) वे अपने साथियों को ढूढ़ती हैं।

L O CODE : E-501

प्र.2 कुछ पक्षियों की दृष्टि इतनी तेज़ होती है कि वे हमसे चार गुना अधिक दूरी से वस्तु को देख पाते हैं। ऐसे पक्षियों का समूह कौन सा है -

(A) मोर, मुर्गा, चील (B) गिद्ध, कौवा, तोता

(C) चील, बाज, गिद्ध (D) मोर, बाज, कौवा

L O CODE : E-501

प्र.3 रात में जागने वाले जानवरों जैसे उल्लू, चमगादड़ आदि को हर वस्तु का रंग दिखाई देता है -

(A) लाल और सफेद रंग (B) सफेद और काला रंग

(C) लाल और काला रंग (D) हरा और पीला रंग

L O CODE : E-501

प्र.4 अपने शरीर से उत्पन्न बिजली तरंगों के द्वारा खतरे की चेतावनी दे कर अपने साथियों को कौन-सा जीव सतर्क करता है ?

(A) कुत्ता (B) मछली

(C) बंदर (D) पक्षी

L O CODE : E-501

प्र.5 रात के समय बाघ अपने शिकार की स्थिति का पता करने के लिए अपने शरीर के किस अंग की सहायता लेता है -

(A) कान (B) नाक

(C) मूँछे (D) आँखे

L O CODE : E-501

प्र.6 यदि कोई मीठा पदार्थ फर्श पर गिर जाता है, तो कुछ ही समय में चींटियों का झुंड उस पदार्थ पर जमा हो जाता है। इससे चींटियों की किस विशेषता का पता चलता है ?

(A) चींटियों को मीठा अधिक पंसद है।

(B) चींटियों की दृष्टि तेज़ होती है।

(C) चींटियों के सूंघने की क्षमता तीव्र होती है।

(D) चीटियों को भूख अधिक लगती है।



L O CODE : E-501


प्र.7 सर्दियों के दिनों में सामान्यत: हमें घरों में छिपकलियाँ दिखाई नहीं देती हैं, क्योंकि -

(A) उन्हें भोजन नही मिल पाता है (B) थक कर बैठ जाती हैं

(C) वे शीत-निंद्रा में चली जाती हैं (D) घर के बाहर घूमने निकल जाती हैं।

L O CODE : EVS- 501

प्र.8 आपने देखा होगा कि हाथी के कान बहुत बड़े-बड़े होते हैं। हाथी अपने कानों को बार-बार हिलाता है। वह ऐसा क्यों करता है ?



(A) ऐसा करके वह अपने विशालकाय शरीर की गर्मी को कानों के द्वारा बाहर निकालता है तथा शरीर का रक्त संचार भी नियंत्रित रखता है।

(B) ऐसा करके वह मक्खियां भगाता है।

(C) ऐंसा करके वह छोटे जीवों को डराता है।

(D) कानों को बार-बार हिलाना उसकी आदत होती है।

L O CODE : E- 503

प्र.9 केंचुए को किसान का परम मित्र कहा जाता है क्योंकि -

(A) वह पक्षियों का भोजन होते हैं।


(B) वह मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाते हैं।

(C) वह दूसरे कीड़ों को मिट्टी के अंदर दबा देते हैं।

(D) वह चुपचाप सोते रहते हैं।

L O CODE : E-503

प्र.10 यदि आपको चित्र में दिया गया वाद्य यंत्र बनाने को दिया जाए तो आप निम्न में से किस सामग्री का उपयोग करेंगे -



(A) बाँस (B) सूखा कद्दू

(C) सूखी लौकी (D) प्लास्टिक पाइप

L O CODE : E-503

प्र.11 राजू के खेत में साँप को देखकर, वहीं खड़े लोग उसे मारने का प्रयास करने लगे तो राजू ने उन्हें साँप को मारने से रोका और कहा कि साँप किसान का मित्र होता है क्योंकि -

(A) वह किसानों का मनोरंजन करता है।

(B) वह फसल को हानि पहुँचाने वाले चूहों को खाता है।

(C) वह मिट्टी को उपजाऊ बनाता है।

(D) वह किसान को काटता नहीं है।

L O CODE : E-503

प्र.12 यदि किसी को साँप काट लेता है तो डॉक्टर के आने से पहले प्राथमिक उपचार के लिए आप क्या उपाय करेगें -

(A) तांत्रिक के पास ले जाएंगे।

(B) डॉक्टर का इंतजार करेंगे।

(C) काटने वाली जगह के ऊपर-नीचे कपड़े को कस कर बाँधेगें।

(D) काटने की जगह पर कोई दवाई लगा देगें।

L O CODE : E-502

प्र.13 मीना जैम लगी ब्रेड को डिब्बे से बाहर निकालना भूल गई थी। एक सप्ताह बाद जब उसने डिब्बा खोला तो देखा कि -

(A) ब्रेड सूख गई थी। (B) ब्रेड पर शैवाल लग गई थी।

(C) ब्रेड पर बैक्टीरिया लग गए थे। (D) ब्रेड पर फफूँद लग गई थी।

LO CODE : EVS- 502


प्र.14 बंद पैकेट में रखी वस्तु के बारे में आप कैसे जानेंगे कि वह उपयोग में लेने योग्य है या नहीं है –

(A) पैकेट पर लिखी निर्माण तिथि एवं समाप्ति तिथि देखकर

(B) पैकेट पर लिखा मूल्य देखकर

(C) पैकेट पर लिखी सामग्री देखकर

(D) पैकेट को तौलकर




LO CODE : E- 502

प्र.15 रोशनी ने बहुत ही जतन से आम का अचार डाला । उसने आम के छोटे छोटे टुकड़ों को मसाला लगा कर बर्तन में भरकर रख दिया लेकिन अचार खराब हो गया क्योंकि –

(A) अचार में नमक की मात्रा अधिक थी।

(B) अचार गीले हाथ या चम्मच से निकाला गया था।

(C) बर्तन धातु से बना था।

(D) अचार का बर्तन प्लास्टिक का नहीं बना था।

LO CODE : E-502

प्र.16 इनमें से कौन-सा पौधा जल के द्वारा अपने बीजों का प्रकीर्णन करता है ?

(A) आक (B) नारियल

(C) आम (D) कपास

LO CODE : E-502

प्र.17 कुछ पौधों के बीज पतले और रोंएदार होते हैं। ये बीज हवा के द्वारा फैलाए जाते हैं। इस प्रकार के बीज निम्नलिखित में से किसके होंगे –

(A) अमरूद (B) कपास


(C) टमाटर (D) कमल

LO CODE : E-502

प्र.18 चित्र में घर की छत पर गिरता हुआ वर्षा का जल इकट्ठा किया जा रहा है –

(A) तालाब में (B) कुँए में

(C) बावड़ी में (D) टैंक में



LO CODE : E-502

प्र.19 जल ही हमारा जीवन है, अतःजल की बचत करने के लिए नहाते समय आप क्या उपयोग करेंगे –

(A) बाथ-टब (B) पाइप

(C) फव्वारा (D) बाल्टी और मग

LO CODE : E-505

प्र.20 पहाड़ी व ठंड़े क्षेत्रों में बने घरों या मकानों की विशेषता होती है –

(A) घरों में अधिक खिड़कियाँ होना (B) घरों में अधिक दरवाज़े होना

(C) घरों की मोटी-मोटी दीवारें होना (D) घरों में बड़े-बड़े टाइल्स होना

LO CODE : E-505

प्र.21 पहाड़ी व ठंडे क्षेत्रों जैसे लेह, लद्दाख आदि में पाये जाने वाले जानवरों के शरीर की बनावट इस प्रकार की होती है कि जिससे वे अत्यधिक ठंड में भी जीवित रह सकें –

(A) गर्दन का लंबा होना (B) पैरों का गद्देदार होना

(C) शरीर पर घने व लंबे बाल होना (D) विशालकाय भारी शरीर होना

L O CODE : EVS- 505

प्र.22 ऊँचे पहाड़ों पर चढ़ते समय पर्वतारोही अपने साथ ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर जाते हैं क्योंकि –

(A) पहाड़ों पर खाना बनाने के लिए

(B) पहाड़ों पर चढ़ते समय सांस लेने के लिए

(C) पहाड़ों पर आग जलाने के लिए

(D) गुब्बारों में हवा भरने के लिए



L O CODE : E-504

प्र.23 इन में से किस कार्य को डॉक्टर नहीं करते हैं ?

(A) रोगियों की जाँच करना (B) रोगियों का उपचार करना

(C) रोगी की स्थिति की निगरानी करना (D) रोगी का आधार कार्ड बनाना

L O CODE : E- 504

प्र.24 सेठ कन्नूलाल के घर चोरी हो गई है। इसकी FIR दर्ज कराने के लिए सेठ जी को किसके पास जाना चाहिए ?

(A) अदालत (B) पुलिस थाना

(C) वकील (D) सरपंच

L O CODE : E-504

प्र.25 यदि किसी मकान या दुकान में आग लग जाती है, तो आप इसकी सूचना सबसे पहले किसे देंगे –

(A) पुलिस को (B) दमकल–केन्द्र को

(C) एंबुलेंस को (D) स्वास्थ्य विभाग को




L O CODE : E-503

प्र.26 चित्र देखकर बताइए कि रामपुर गाँव में रहने वाले लोग सबसे अधिक कौन सा कार्य करते हैं ?

(A) मछली पकड़ना (B) खेती करना

(C) पशु–पालन (D) मज़दूरी




L O CODE : E-503

प्र.27 वे लोग जो जंगलों में रहते हैं, जंगल से प्राप्त उत्पादों पर निर्भर होते हैं। उनके जीवनयापन के लिए उपयुक्त लघु उद्योग होगा –

(A) मशीनें बनाना (B) कम्प्यूटर बनाना

(C) टोकरी बनाना (D) इमारतें बनाना

L O CODE : E- 503

प्र.28 फसल कटने के बाद अनाज का सुरक्षित भंडारण आवश्यक होता है। यदि आप किसान होते तो अनाज को कीड़ों से बचाकर लंबे समय तक रखने के लिए इनमें से किसका प्रयोग करते ?

(A) गुलाब की पत्तियों का (B) घास का

(C) आम की पत्तियों का (D) नीम की पत्तियों का

L O CODE : E-505

प्र.29 तीन टीन ज़मीन का अर्थ ऐसी ज़मीन से है जिस पर –

(A) तीन टीन रखे जा सके (B) तीन टीन बीज बोये जा सके

(C) तीन टीन लगायें जा सकें (D) तीन टीन पर ज़मीन रखी जा सकें

L O CODE : EVS- 503

प्र.30 यदि सारे जंगल नष्ट हो जाएं तो आपके विचार में पर्यावरण पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा ?

(A) पर्यावरण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

(B) पर्यावरण का संतुलन बिगड़ जाएगा।

(C) वायुमंडल में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ जाएगी।

(D) पर्यावरण अच्छा हो जाएगा।

L O CODE : E-502

प्र.31 मोहन एक किसान है। उसके खेत में लगी बाजरे की फसल पक कर तैयार हो गई है। बाजरे की बाली से दाना अलग करने के लिए, मोहन इनमें से किसका उपयोग करेगा ?

(A) सिल-बट्टा (B) सूपा-पत्थर

(C) ओखली-मूसल (D) मटकी-गिलास

L O CODE : E-505

प्र.32 हमारे अच्छे स्वास्थ्य और आवास के लिए कौन सा स्थान उपयुक्त है ?

(A) जहाँ आसपास कारखाने होते हैं।

(B) जहाँ आसपास पेड़ होते हैं।

(C) जहाँ आसपास अधिक गाड़ियाँ चलती हैं।

(D) जहाँ आस-पास बाज़ार होते हैं।

L O CODE : E-505

प्र.33 बर्फीले पहाड़ों पर चढ़ते समय पर्वतारोहियों को विटामिन-सी और आयरन की गोलियों के साथ गरमा-गरम चॉकलेट वाला दूध नाश्ते में दिया जाता है -

(A) अधिक तापमान के लिए।

(B) घबराहट से बचने के लिए।

(C) ठंड से बचाव, स्फूर्ति व शक्ति के लिए।


(D) गर्मी से बचाव और ताकत के लिए।


L O CODE : E-505

प्र.34 दिये गये चित्र गेंहू की खेत से रसोई तक की यात्रा दिखा रहे हैं । इनकी यात्रा का सही क्रम कौन सा होगा -



अ


ब


स


द


इ

(A) ब-अ-स-द-इ (B) द-ब-अ-इ-स

(C) अ-स-इ-द-ब (D) स-इ-ब-अ-द

L O CODE : E-505

प्र.35 मान लो तुम्हें पहाड़ पर एक टेंट में दो दिन तक अकेले रहना है तो तुम कौन-से समूह की चीजें अपने साथ लेकर जाओगे -

(A) चादर, ठंडे कपडे, डंडा (B) बैग, बिस्तर, बिस्किट

(C) टी.वी., सूती कपड़े, बैटरी (D) स्लीपिंग बैग, गर्म कपड़े, सूखा खाना

L O CODE : EVS-505

प्र.36 पर्वतारोहण के समय अगर आप रास्ता भूल जाएं और आपके साथी भी दिखाई न दे रहे हो, तो उस स्थिति में आप इनमें से क्या नहीं करेंगे –

(A) ज़ोर-ज़ोर से रोओगे। (B) ज़ोर-ज़ोर से सीटी बजाओगे।

(C) ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाओगे। (D) ज़ोर-ज़ोर से ताली बजाओगे।

L O CODE : E-505

प्र.37 हमारे देश में नई फसल आने की खुशी में अलग-अलग क्षेत्रों में अलग-अलग त्यौहार मनाये जाते हैं। फसल से संबंधित त्यौहारों का समूह इनमें से कौन-सा है ?

(A) होली, ईद, गुड-फ्रायडे (B) मकर-संक्राति, पोंगल, बैसाखी

(C) बैसाखी, दीवाली, पोंगल (D) ईद, क्रिसमस, ओणम

L O CODE : E-502


प्र.38 डॉक्टर कहते हैं कि छोटे बच्चों के लिए गाय का दूध बहुत गुणकारी होता है। वे ऐसा कहते हैं क्योंकि गाय का दूध अन्य पशुओं के दूध की अपेक्षा अधिक ...................... होता है।

(A) मीठा व पतला (B) पतला व ताज़ा

(C) पाचक और पौष्टिक (D) वसायुक्त

L O CODE : E-505

प्र.39 चित्र में दिखाई दे रहे लोग कौन सा चुनौतीपूर्ण कार्य कर रहे हैं –




(A) ट्रेकिंग (B) पर्वतारोहण

(C) केंपिंग (D) स्काई-डाइविंग

L O CODE : E-503

प्र.40 दिए गए चित्र में कौन-सा बीज अंकुरित नहीं हुआ है ?




(A) बीज क्र. 1 (B) बीज क्र. 2

(C) बीज क्र. 3 (D) बीज क्र. 1 व 2

L O CODE : E-504

प्र.41 दिए गए चित्र में किये जा रहे कार्यों को ध्यानपूर्वक देखिए और बताइए कि यह चित्र, इनमें से किस संस्थान का है ?



(A) अस्पताल (B) महाविद्यालय

(C) डाक-घर (D) कचहरी

L O CODE : E-501

प्र.42 इन में से पक्षी के पदचिह्नों को पहचानिए-

(A) 

(B) 

(C) 

(D) 

L O CODE : E-403

प्र.43 आपके पिता के दो भाई है। आपके पिता के छोटे भाई रिश्ते में आपके क्या कहलाएंगे ?

(A) चाचा (B) ताऊ

(C) मामा (D) चचेरे भाई

L O CODE : EVS-403

प्र.44 आपके पिता के एक भाई एवं एक बहन है। आपके पिता की बहन का एक बेटा है, वो रिश्ते में आपका क्या लगेगा ? –

(A) चचेरा भाई (B) फूफेरा भाई

(C) मौसेरा भाई (D) सौतेला भाई

L O CODE : E-501

प्र.45 लड्डू खाते समय अजय के हाथ से लड्डू का टुकड़ा जमीन पर गिर गया। थोड़ी देर में उस पर बहुत सी चींटियां एकत्र हो जाती है। यह चीटियों की किस विशेषता के कारण होता है ?

(A) चीटियों को मिल बांटकर खाने की आदत होती है।

(B) चीटियों को मीठा खाना पसंद है।

(C) चीटियों की सूंघने की क्षमता तीव्र होती है।

(D) चीटियों में संगठन भावना होती है।

L O CODE : E-501

प्र.46 बबलू ने सड़े हुए अंगूर एक अलग प्लेट में रख दिये तो थोड़ी देर में चींटियों का झुण्ड अंगूरों पर इकट्ठा हो गया। ऐसा चींटियों की किस विशेषता के कारण हुआ ?

(A) चींटियों को फल खाना पसंद होता है।

(B) चींटियों की सूंघने की क्षमता तीव्र होती है ।

(C) चींटियाँ संगठन में रहना पसंद करती है।

(D) चींटियों को मिल बाँटकर खाने की आदत होती है।

L O CODE : E-501

प्र.47 आपने देखा होगा कि खुले में रखी हुई मिठाई पर कुछ ही देर में चीटियाँ जमा हो जाती हैं। आप बता सकते हैं कि निम्न में से चींटियों के कौन से गुण के कारण ऐसा होता है ?

(A) चींटियों की सूंघने की क्षमता तीव्र होती है।

(B) चींटियों की देखने की क्षमता ज्यादा होती है।

(C) चींटियाँ झुण्ड में रहना पसंद करती है।

(D) चींटियों की समप्रेषण क्षमता अधिक होती है।

L O CODE : E-502

प्र.48 निम्नलिखित वस्तुओं को जमीन में गड्डा खोदकर दबाया जाये और दो वर्ष बाद खोदकर वापस निकाला जाये तो कौन सी वस्तु में सबसे कम परिवर्तन होगा?

(A) प्लास्टिक का गिलास (B) मिट्टी का कुल्हड़

(C) गत्ते का टुकड़ा (D) लोहे की कील

L O CODE : E-502

प्र.49 निम्नलिखित वस्तुओं को जमीन में गड्डा खोदकर मिट्टी में दबाया और दो वर्ष बाद खोदकर वापस निकाला तो कौन सी वस्तु में सबसे कम परिवर्तन हुआ होगा?

(A) लकड़ी का टुकड़ा (B) मिट्टी का कुल्हड़

(C) थर्माकोल का टुकड़ा (D) लोहे की कील

L O CODE : EVS-502

प्र.50 निम्नलिखित वस्तुओं को जमीन में गड्डा खोदकर दबाया जाय और कुछ वर्ष बाद खोदकर वापस निकाला जाये तो कौन सी वस्तु में कोई भी परिवर्तन नहीं होगा ?

(A) मिट्टी का कुल्हड़ (B) लोहे की कील

C) चीनी मिट्टी का कप (D) लकड़ी का टुकड़ा

L O CODE : E-503

प्र.51 आपने अपनी गुल्लक में कुछ पैसे जमा किये हैं। आपके पिताजी उन्हें खाता खुलवाकर जमा करना चाहते हैं। तो आप बताइए इसके लिए आपको कहाँ जाना होगा ?

(A) बैंक (B) पुलिस चौकी

(C) ग्राम पंचायत (D) साहूकार के पास

L O CODE : E-503

प्र.52 राजू ने चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। आयोजकों ने उसे प्रमाण पत्र के साथ एक हजार रूपये का चैक दिया। आप बताइए चैक की राशि प्राप्त करने के लिए राजू को कहाँ जाना होगा?

(A) नगर पालिका (B) बैंक

(C) साहूकार के पास (D) तहसील कार्यालय

L O CODE : E503

प्र.53 मोहन सरकारी योजना के माध्यम से ॠण प्राप्त कर किराना दुकान शुरू करना चाहता है। बताइए उसे ॠण कहाँ से प्राप्त होगा ?

(A) बैंक से (B) साहूकार से

(C) थोक दुकानदार से (D) न्यायालय से

L O CODE : E-508

प्र.54 एक पानी से भरे गिलास में तेलीय पदार्थ डाला है, वह पानी में ऊपर तैर रहा है उसके तैरने का कारण है –

(A) पानी से घनत्व का कम होना (B) पानी से घनत्व का अधिक होना

(C) पानी का हल्का होना (D) पानी में घुलना



L O CODE : E-508

प्र.55 इस चित्र को ध्यान से देखिये एवं उत्तर दीजिये –

एक स्टील की प्लेट पर कुछ द्रव पदार्थ की बूँद डाली,



उनमें से सबसे अधिक दूरी एक बूंद ने तय की, वह कौन सी है?

(A) शहद (B) दूध

(C) तेल (D) पानी

LO CODE : E-508

प्र.56 द्रव के ''बहने'' के गुण को कहते हैं –

(A) घनत्व (B) श्यानता

(C) PH मान (D) तन्यता

LO CODE : E-508

प्र.57 प्लेट में पानी भरकर धूप में रखने से कुछ देर बाद पानी गायब हो जाता है, पानी कहाँ गया होगा ?

(A) पानी प्लेट में सूख गया होगा (B) पानी धूप में भाप बनकर उड़ गया होगा

(C) पानी प्लेट में फैल गया होगा (D) पानी प्लेट में घुल गया होगा

LO CODE : E-508

प्र.58 कौन से पदार्थ के पानी को सुखाकर या उड़ाकर नहीं बनाया जाता ?

(A) नमक (B) शक्कर

(C) गुड़ (D) शहद

LO CODE : E-508


प्र.59 एक गिलास पानी में साबुत नीबू को हम ''तैरा'' पाएंगे, जब हम –

(A) पानी को गर्म करेंगे (B) पानी को ठंडा करेंगे

(C) पानी में नमक डालेंगे (D) पानी में बर्फ डालेंगे

LO CODE : E-508

प्र.60 उपरोक्त चित्र में नींबू पानी में डूबा है, जब इसी पानी में हम नमक घोलते हैं, तब नींबू पानी में तैरने लगता है? ऐसा क्यों हुआ –



(A) पानी का घनत्व बढ़ गया (B) पानी का घनत्व घट गया

(C) पानी का पीएच मान बढ़ गया (D) पानी का पीएच मान घट गया

LO CODE : E-508

प्र.61 आर्य को मिठाई बनाना है, इसके लिए शक्कर की ज्यादा मात्रा तथा चाशनी बनानी है, तब वह किस पानी में चाशनी बनाएगी –

(A) फ्रिज के ठंडे पानी में (B) गर्म पानी में

(C) मटके के साधारण पानी में (D) नल के पानी में

LO CODE : E-506

प्र.62 राम और श्याम मेले में गए वहां पर दोनों को भूख लगी, राम ने घर का बना सादा भोजन एवं श्याम ने मेले की चाट पकौड़ी पिज़्ज़ा बर्गर खाए, शाम को घर पहुंचने पर श्याम को ''खट्टी डकार, एसिडिटी'' हुई इसका मुख्य कारण है –

(A) सादा खाना (B) मीठा खाना

(C) घर का बना खाना (D) तला मिर्च मसालेदार खाना

LO CODE : EVS-506

प्र.63 मीना को अलग-अलग स्वाद की खाद्य वस्तुएं पसंद है, स्वाद के लिए –''चटपटा, मीठा, चिरपिरा, खट्टा के क्रम से उसने क्या खाया होगा ?

(A) चीकू, मिर्ची, इमली (B) केला, पपीता, बेर, सेबफल

(C) पानी-पूरी, चीकू, मिर्ची, इमली (D) मिर्च, सेब, टमाटर

L O CODE : E-506

प्र.64 नीचे खाली गिलास है - इसमें O.R.S का घोल बनाना है-तब किस समूह का उपयोग करेंगे ?



(A) पानी-नमक (B) पानी-शहद

(C) पानी-नमक-शक्कर (D) पानी-नमक-धनियाँ

L O CODE : E-506

प्र.65 5 साल की रश्मि के हाथ, पैर पतले, पेट फूला हुआ है, बीमार रहती है, डॉक्टर उसे क्या खाने की सलाह देंगे ?

(A) केवल फल, सब्जियां (B) केवल रोटी, अनाज

(C) दूध एवं पतले खाद्य पदार्थ (D) पोषक तत्वों से युक्त खाना

L O CODE : E-506

प्र.66 कौन से समूह का खाद्य पदार्थ अधिक समय तक संरक्षित रहेगा ?

(A) रोटी - ब्रेड-टोस्ट (B) आम-अचार-पना

(C) उड़द-मूँग-पापड़-बड़ी (D) पना-छाछ-शरबत

L O CODE : E-508

प्र.67 सीमा ने सब्जी मंडी से समान आकार की 500-500 ग्राम सेब, पपीता, इमली, आम खरीदे तो बताइए संख्या में कौन अधिक होगा ?

(A) सेब (B) पपीता

(C) इमली (D) आम

L O CODE : E-508

प्र.68 रवि की मां ने ''मिठाई एयरटाइट'' डिब्बे में रखी एवं रवि ने ''मिठाई साधारण डिब्बे'' में रखी, परन्तु रवि ने दूसरे दिन देखा कि बहुत सारी चींटियाँ रवि के साधारण मिठाई के डिब्बे में एकत्र हो गई, इससे चीटियों की किस विशेषता का पता चलता है ?

(A) चींटियों की सूंघने की क्षमता तीव्र होती है।

(B) चींटियां अपना भोजन ले जा सकती हैं।



(C) चींटियों का रंग काला होता है।

(D) चींटियाँ बहुत छोटी होती हैं।

L O CODE : E-509


प्र.69 आज चांद  ऐसा दिखाई दे रहा है ' आज से 15 दिन बाद पूर्णमासी के दिन चांद कैसा दिखाई देगा ?

(A)  (B) 

(C)  (D) 

L O CODE : EVS-508

प्र. 70 एक कमरे में बेकरी उद्योग है। जिसमें बिस्किट, क्रीमरोल व पेटिस बनती है। इनको भट्टी में सेंका जाता है, इस स्थान पर गर्मी भी पैदा होती है, यह ''गर्म हवा'' किस संरचना से बाहर निकलेगी ?





(A) संरचना 'अ' से (B) संरचना 'ब' से


(C) संरचना 'स' से (D) संरचना 'द' से


L O CODE : EVS-508

प्र.71 कोविड–19 संक्रमण काल में मास्क लगाने का सही तरीका होगा –

(A) 
नाक के ऊपर

(B) 
नाक के नीचे

(C) 
ठोड़ी पर

(D) 
कान के पास

L O CODE : E-508

प्र.72 ऐसा वाद्‌य यंत्र जिसमें ''श्वांस/ साँस' का उपयोग होता है –

(A) बांसुरी (B) तबला

(C) ढोलक (D) सितार

L O CODE : E-507

प्र.73 किशन ने अपने खेत में ''काग–भगोड़ा'' किस कारण लगाया होगा ?



(A) आदमियों को डराने के लिए (B) पशु–पक्षियों से खेत की सुरक्षा के लिए

(C) खेत की शोभा बढ़ाने के लिए (D) पशु–पक्षियों को आश्रय देने के लिए

L O CODE : E-507

प्र.74 पुराने समय एवं वर्तमान समय के एक रूपया के सिक्के में पहली बार हुआ है –




(A) नये सिक्के में ₹ रूपया के सिम्बल का उपयोग हुआ है।

(B) नया सिक्का 1 रूपये मूल्य का है।

(C) नया सिक्का धातु का बने है।

(D) नया सिक्का आकार में गोल है।

L O CODE : E-508

प्र.75 निम्न चित्रों को ध्यान से देखिये –




(A) तेल नीचे बैठ जायेगा एवं पानी ऊपर तैरेगा।

(B) पानी नीचे बैठ जायेगा एवं तेल ऊपर तैरेगा।

(C) पानी तेल दोनों आपस में घुल जायेंगे।

(D) पानी एवं तेल की अलग–अलग कई सतह बनेगी।

L O CODE : EVS-508

प्र.76 एक उबलते ''गर्म आलू'' को ठन्डे पानी से भरे ग्लास में डालेंगे, तब पानी और आलू के तापमान में क्या अंतर आयेगा –

(A) पानी थोड़ा ठंडा एंव आलू गर्म हो जाएगा।

(B) पानी थोड़ा गर्म एंव आलू ठंडा हो जाएगा।

(C) पानी एवं आलू दोनों अधिक गर्म हो जायेंगे।

(D) पानी एवं आलू दोनों अधिक ठंडे हो जायेंगे।

L O CODE : E-507

प्र.77 राम पिछली गर्मियों की छुट्टियों में मामा के खेत पर गया था, जहाँ पर उसने कुछ वस्तुएँ मिट्टी में दबा दी थीं, कुछ महीने बाद वह वापिस गया और उस स्थान को खोद कर वस्तुओं को देखा–तब कौन सी वस्तु में सबसे कम परिवर्तन देखा ?

(A) केले के छिलके (B) अखबार

(C) प्लास्टिक की प्लेट (D) कपड़े का थैला

L O CODE : E-507

प्र.78 ऐतिहासिक स्मारकों /स्थलों के भ्रमण करते समय यह करना गलत है –

(A) दिए गए दिशा–निर्देशों का पालन करना

(B) स्थल – स्मारक के बारे में चर्चा करना

(C) दीवारों व अन्य ऐतिहासिक वस्तुओं पर नाम नहीं लिखना

(D) खाने का सामान पैकेट व झूठन छोड़ देना

L O CODE : E-508

प्र.79 पेड़ एक खास मौसम में अपने सभी पत्ते गिरा देते हैं जिसे हम पतझड़ भी कहते हैं। पेड़ से पत्ते गिरने का क्या कारण है ?

(A) पत्तों का ''वजन–ज्यादा'' होने से गिर जाते हैं।

(B) हवा के टकराने से वह टूटकर गिर जाते हैं।

(C) पेड़ गर्मियों में पानी की होने वाली क्षति को कम करने के लिए अपने पत्ते गिरा देते हैं।

(D) पक्षियों के कारण पेड़ से पत्ते गिर जाते हैं।

L O CODE : E-508

प्र.80 अभिनव बगीचे में गया उसने ''सूर्य–मुखी'' के फूल/पुष्प देखे उनका मुख पश्चिम–दिशा की ओर था, बताइयें अभिनव किस समय बगीचे में गया हुआ था –

(A) सुबह के समय

(B) शाम के समय

(C) रात के समय

(D) दोपहर के समय

L O CODE : EVS-509

प्र.81 जब हम पूड़ी को गर्म तेल की कड़ाही में डालते हैं, तब वह फूल जाती है। बताइये पूड़ी क्यों फूल जाती है ?

(A) पूड़ी गर्म तेल भर जाने से फूल जाती है।

(B) पूड़ी में ''दो-परतों'' के बीच वाष्पीकरण होने से पूड़ी फूल जाती है।

(C) पूड़ी में हवा भर जाती है।

(D) पूड़ी में नमक मिला होने के कारण पूड़ी फूल जाती है।

L O CODE : E-508

प्र.82 एक ''वन्य-जीव सोसायटी'' की रिपोर्ट के अनुसार गिद्धों की संख्या में 1970 से 2020 तक 60% की कमी आयी है। गिद्धों की संख्या में कमी आने का कारण है -

(A) कीटनाशकों का अधिक उपयोग होना।


(B) पेड़ पौधों का अधिक लगाना।

(C) जैविक खाद का अधिक प्रयोग करना।

(D) गिद्धों का अन्य देशों की ओर पलायन।

L O CODE : E-506

प्र.83 चित्रों को ध्यान से देखिये -



उपरोक्त ऐसा फल जिसमें बीज अधिक हैं, जो पाचक शक्ति को बढ़ाने वाला है -

(A) सेब (B) पपीता

(C) इमली (D) आम

L O CODE : E-506

प्र.84 उपरोक्त चित्र में पहचानिये जो फलों का राजा है और गर्मी में प्राप्त होता है -

(A) सेब (B) पपीता

(C) इमली (D) आम

L O CODE : E-507

प्र.85 जब हम ऐतिहासिक स्मारकों /स्थलों के भ्रमण करते हैं तो वहाँ हमें क्या करना चाहिए ?

(A) दीवारों पर अपना नाम लिखना चाहिए।

(B) दीवारों में छेद करना चाहिए।

(C) दिये गये निर्देशों का पालन करना चाहिए।

(D) ज़ोर ज़ोर से आवाज़ें लगानी चाहिए।

L O CODE : EVS-507


प्र.86 'सार्वजनिक संपत्ति हमारी अपनी संपत्ति होती है।' आप बताइए इनकी सुरक्षा करना किसकी जिम्मेदारी है?

(A) ग्राम पंचायत | (B) प्रत्येक नागरिक

(C) सरकार | (D) चौकीदार

L O CODE : E-508

निर्देश पिंकी के पास 3 डिब्बे क, ख, एवं ग है। उसने तराजू पर उनका वजन किया तो तराजू ऐसे दिखाई दिया। चित्र देखकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए –




L O CODE : E-508

प्र.87 बताइऐ क, ख एवं ग में से किस डिब्बे का वजन सबसे अधिक है ?

(A) ग | (B) ख

(C) क | (D) सभी का वजन समान है

L O CODE : E-508

प्र.88 बताइऐ किस डिब्बे का वजन बाँट के बराबर है ?

(A) क | (B) ख

(C) ग | (D) किसी डिब्बे का नहीं

L O CODE : E-508

प्र.89 बताइऐ किस डिब्बे का वजन सबसे कम है ?

(A) क | (B) ख

(C) ग | (D) सभी का वजन समान है

L O CODE : E-508

प्र.90 आप बाजार से निम्नानुसार वस्तुएं खरीदते हैं और इन्हें अलग-अलग थैलियों में रखते हैं –

1 किलो चावल, 1 किलो साबूदाने, 1 किलो गुड़ एवं 2 किलो मखाने

और बताइऐ कि किस वस्तु के लिए सबसे बड़ी थैली की आवश्यकता होगी ?

(A) चावल | (B) मखाने

(C) गुड़ | (D) साबूदाने

L O CODE : E-508

प्र.91 आप बताइऐ किस वस्तु के लिऐ सबसे छोटी थैली की आवश्यकता होगी ?

(A) गुड़ | (B) साबूदाने

(C) मखाने | (D) चावल

L O CODE : E-508

प्र.92 बताइऐ किन दो वस्तुओं के लिए लगभग समान थैली की आवश्यकता होगी ?

(A) गुड़-साबूदाने | (B) साबूदाने -चावल

(C) मखाने-गुड़ | (D) चावल-मखाने

L O CODE : EVS- 508

प्र.93 नीचे दी गई आकृतियों में चंद्रमा की विभिन्न कलाएँ प्रदर्शित की गई हैं। अब बताइए कि पूर्णिमा से अमावस्या की ओर चंद्रमा की स्थिति के लिए कौन सा विकल्प सही होगा ?




क ख ग घ

(A) ख, ग, क, घ (B) ख, घ, ग, क

(C) घ, ग, क, ख (D) क, ग, ख, घ

L O CODE : E-508

प्र.94 नीचे दी गई आकृतियों में चंद्रमा की विभिन्न कलाएँ प्रदर्शित की गई हैं। अब बताइए कि अमावस्या से पूर्णिमा की ओर चंद्रमा की स्थिति के लिए कौन सा विकल्प सही होगा –



क ख ग घ

(A) क, ख, ग, घ (B) घ, ख, ग, क

(C) ख, घ, क, ख (D) ग, घ, ख, क

L O CODE : E-509

प्र.95 राजू ने काँच के गिलास में और मीना ने स्टील के गिलास में समान मात्रा में दूध लिया और दोनों ने उबलते हुए पानी में दूध के गिलास रखे।

आप बताइए कि किसके गिलास का दूध पहले गर्म होगा और क्यों ?

(A) कांच का, क्योंकि कांच अर्धचालक है।

(B) स्टील का, क्योकि यह उष्मा का सुचालक है।

(C) स्टील का, क्योंकि ये पतला होता है।

(D) कांच का क्योंकि ये मोटा होता है।

L O CODE : E-509

प्र.96 आप बताइए कि किसके गिलास का दूध देरी से गर्म होगा और क्यों ?

(A) कांच का, क्योंकि कांच अर्धचालक है।

(B) स्टील का, क्योकि यह उष्मा का सुचालक है।

(C) स्टील का, क्योंकि ये पतला होता है।

(D) कांच का क्योंकि ये मोटा होता है।

L O CODE : E-509

प्र.97 रामू ने गर्मी के दिनों में कांच के गिलास में और मीना ने स्टील के गिलास में समान मात्रा में दूध लिया और दोनों ने अपने अपने गिलास रात भर फ्रिज से बाहर रख दिये। आप बताइए कि निम्न में से कौन सा कथन सही है ?

(A) कांच के गिलास का दूध पहले फट जायेगा


(B) स्टील के गिलास का दूध पहले फट जायेगा


(C) दोनों गिलास का दूध साथ में फटेगा

(D) दोनों गिलास का दूध नहीं फटेगा

L O CODE : EVS-509

प्र.98 नीचे दिऐ गए ग्राफ में एक जिले की बारिश की स्थिति बताई गई है –




बताइए कि वर्ष 2010 और 2015 में क्रमशः किस महिने में अधिक बारिश हुई ?

(A) जुलाई – अगस्त (B) अगस्त – सित्म्बर

(C) जुलाई – सितम्बर (D) सभी माह में समान बारिश हुई

L O CODE : E-509

प्र.99 आपके पास एक टेबिल टेनिस की एक गेंद एवं एक क्रिकेट की एक गेंद है। आपका साथी अपनी बॉल को आसमान की ओर तेजी से फेंकता है तो क्या होगा ?

(A) रबर की गेंद ज्यादा ऊपर जायेगी।


(B) प्लास्टिक की गेंद ज्यादा ऊपर जायेगी।


(C) प्लास्टिक की गेंद ज्यादा रबर की गेंद से नीचे रहेगी।

(D) दोनों गेंद समान ऊँचाई पर जाएंगी।

L O CODE : E-509

प्र.100 नीचे दिऐ गये ग्राफ में फसलों की बोनी के क्षेत्र के बारे में बताया गया है –




आप बताइऐ कि दोनों वर्षो में किन दो फसलों के बोनी ज्यादा की गई?


(A) चावल–गेहूँ (B) चावल–मक्का

(C) मक्का–गेंहू (D) सभी फसलों की समान बोनी हुई


L O CODE : E-510

प्र.101 आपको अपने घर से विद्यालय तक जाने का नक्शा बनाना है तब आप नक्शें में सड़क को किस संकेत चिह्न के माध्यम से दर्शाएंगे–

(A)



(B)



(C)




(D)



L O CODE : E-510

प्र.102 उत्तर देने के लिए नीचे दिए गये चित्र को ध्यान से देखिए –



मीना उगते हुए सूर्य की ओर मुँह करके खड़ी है वह अपना मुँह अपनी विपरीत दिशा में कर लेती है तब उसके मुँह के ओर कौन सी दिशा होगी ?

(A) उत्तर दिशा (B) पश्चिम दिशा

(C) दक्षिण दिशा (D) पूर्व दिशा

L O CODE : EVS-510

प्र.103 नीचे दिए मानचित्र को ध्यान से देखिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए ?




सीमा को अपनी सहेली को एक लेटर भेजना है तो सीमा लेटर पोस्ट करने के लिए घर से डाकघर के लिए किस दिशा में जाएगी –

(A) उत्तर दिशा (B) पूर्व दिशा

(C) दक्षिण दिशा (D) पश्चिम दिशा

L O CODE : E-510

प्र.104 सीमा के दादाजी की अचानक तबियत खराब हो जाती है तब सीमा को अपने दादाजी को अस्पताल ले जाने के लिए अपने घर से किस दिशा में जाना होगा ?

(A) पूर्व दिशा (B) पश्चिम दिशा

(C) उत्तर दिशा (D) दक्षिण दिशा

L O CODE : E-510

प्र.105 सीमा के घर से उत्तर दिशा में स्थित है –

(A) अस्पताल (B) बैंक

(C) स्कूल (D) डाकघर

L O CODE : E-510

प्र.106 सीमा अपने घर से पश्चिम दिशा की ओर जा रही है तो उसे मिलेगा –

(A) स्कूल (B) अस्पताल

(C) डाकघर (D) बैंक

**निर्देश-** नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए नीचे दिए गए मानचित्र को ध्यान से देखिए और उत्तर दीजिए -




LO CODE : E-510

प्र.107 दिए गए मानचित्र में कौन सा राज्य भारत के पश्चिमी भाग में स्थित है ?

(A) लद्दाख-हिमाचल प्रदेश (B) असम-मेघालय

(C) गुजरात-महाराष्ट्र (D) केरल-तमिलनाडु

LO CODE : E-510

प्र.108 दिए गए मानचित्र मे केरल राज्य भारत के किस भाग में स्थित है ?

(A) पूर्वी (B) पश्चिमी

(C) उत्तरी (D) दक्षिणी

LO CODE : E-510

प्र.109 ''दो बूँद जिंदगी की'' यह स्लोगन किस रोग के इलाज के लिए जाना जाता है ?

(A) चेचक (B) हैजा

(C) पोलियो (D) कोरोना

LO CODE : E-510

प्र.110 नीचे दिए गए स्लोगन में से कौन से स्लोगन कोरोना -महामारी से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए उपयुक्त नहीं है -

(A) बदलकर अपना व्यवहार, करे कोरोना पर वार

(B) दो गज दूरी, मास्क है जरूरी

(C) मच्छरों को दावत, बीमारी को दावत

(D) तब तक दवाई (वैक्सीन) नही, तब तक ढ़िलाई नहीं

LO CODE : E-511

प्र.111 नीचे दिए गए चित्र (लोगो) से किस प्राकृतिक-सम्पदा के संरक्षण का संदेश मिल रहा है ?




(A) वन (B) मृदा

(C) जल (D) खनिज-तेल

L O CODE : E-511

**निर्देश**- प्रश्न 112 से 113 का उत्तर देने के लिए नीचे दिए गए पोस्टर को ध्यान से देखिए।




प्र.112 इस पोस्टर मे दिए गए स्लोगन में ईंधन की बचत हेतु उपयुक्त उपाय बताया गया है -

(A) गाड़ी (वाहन) रोकने पर इंजन चालू रखें।

(B) गाड़ी (वाहन) चलाते समय मोबाईल पर बातें करें।

(C) गाड़ी (वाहन) रोकने पर इंजन बंद रखें।

(D) गाड़ी (वाहन) रोकने पर सीट बेल्ट लगा लें।

L O CODE : E-511


प्र.113 इस पोस्टर में दिए गए चित्र एवं स्लोगन में किस पदार्थ के संरक्षण या बचाने का संदेश मिल रहा है -

(A) जल (B) मृदा

(C) कोयला (D) पेट्रोल

L O CODE : EVS-511

**निर्देश**- नीचे दिऐ गये पोस्टर को ध्यान से देखिए और प्रश्न 114 से 115 तक का उत्तर दीजिए -




प्र.114 निम्न में से कौन से कचरे का समूह आप सूखा कचरा नं. 1 नीले रंग वाले डिब्बे मे डालेंगे -

(A) कागज के टुकड़े, पेंसिल की छीलन, पॉलिथीन

(B) सब्जी व फल के छिलके, खराब ब्रेड, दूध, दही

(C) इलेक्ट्रॉनिक सामान, रात का बचा खाना

(D) पॉलिथीन, सब्जी-फल, कागज के टुकड़े

L O CODE : E-511

प्र.115 सब्जी व फल के छिलके आप डालेगें -

(A) सूखा कचरा नं. 1 नीले रंग वाले डिब्बे में


(B) गीला कचरा नं. 2 हरे रंग वाले डिब्बे में


(C) दोनों में से किसी भी रंग वाले डिब्बे में

(D) दोनों में ही नही डालेंगे


LO CODE : E-511

प्र.116 नीचे दिए गए चित्रों की स्थितियों में से कौन से चित्र की स्थिति कोरोना बीमारी से बचाव के प्रति जागरूकता के लिए उपयुक्त होगा –

(A) 

(B) 

(C) 


(D) 

LO CODE : E-512

प्र.117 यदि समाज में लोगों द्वारा किए जाने वाले सभी कामों को अलग–अलग नजर से देखा जाता है तो इसमे क्या बदलाव होना जरूरी है –

(A) सभी कामों को बुरी नजर से देखा जाना चाहिए

(B) सभी कामों को अलग–अलग देखा जाना चाहिए

(C) सभी कामों को समान रूप से देखा जाना चाहिए

(D) सभी कामों को असमान रूप से देखा जाना चाहिए

LO CODE : E-512

प्र.118 क्रिकेट का खेल है –

(A) केवल लड़कियों के लिए (B) केवल लड़कों के लिए

(C) लड़के व लड़कियों दोनों के लिए (D) किसी के लिए भी नहीं

LO CODE : E-511

प्र.119 अजय और मीना दोनों भाई बहिन के देर रात तक बाहर खेलने के बाद घर आने पर माँ–पापा को –

(A) दोनों को टोकना चाहिए (B) केवल अजय को टोकना चाहिए

(C) केवल मीना को टोकना चाहिए (D) दोंनो को नहीं टोकना चाहिए

LO CODE : E-512

प्र.120 आपके घर या स्कूल में बनाया जाने वाला कोई नियम –

(A) केवल लड़को के लिए होना चाहिए

(B) केवल लड़कियों के लिए होना चाहिए

(C) लड़के और लड़कियों के लिए अलग–अलग नियम होने चाहिए

(D) दोनों के लिए एक समान नियम होने चाहिए

LO CODE : E-512

प्र.121 यदि कोई आपको अनुचित ढंग से स्पर्श करे और यह स्पर्श आपको अच्छा ना लगे तो आप –

(A) किसी को भी नहीं बताएंग

(B) स्वयं को इसका दोष देंगे

(C) किसी ऐसे व्यक्ति को बताएंगे जिस पर आप भरोसा करते हों

(D) आप चुपचाप सहन करेंगें

L O CODE : E-512

प्र.122 यह कानून बच्चों को छेड़खानी, दुराचार जैसे मामलों से सुरक्षा प्रदान करता है –

(A) बालश्रम निषेध अधिनियम (B) बाल विवाह निषेध अधिनियम

(C) शिक्षा का अधिकार (D) पॉक्सो अधिनियम

L O CODE : EVS-512

प्र.123 आपके पड़ोसी ने अपने बूढ़े माँ–बाप को घर से निकाल दिया है और उनकी संपत्ति पर कब्जा कर लिया है तो आप उन बुजुर्ग दंपत्ति की मदद कैसे करेंगे ?

(A) आप उन्हें खाने पीने का सामान देंगे।

(B) आप उन्हें मानवधिकार आयोग जाने की सलाह देंगे।

(C) आप उन्हें मानव अधिकार आयोग ले जाकर शिकायत दर्ज करेंगे।

(D) आप उन्हें वृद्धाश्रम तक छोड़ आएंगे।

निर्देश प्रश्न 124 से 126 तक उत्तर देने के लिए नीचे दिए गए चित्र को ध्यान से देखिए –



L O CODE : E-512

प्र.124 अगर कोई भी यह काम करें तो सबसे अधिक क्या होगा ?

(A) चारों तरफ बदबू फैलेगी

(B) चारों तरफ खुशबू फैलेगी

(C) चारों तरफ संक्रमणकारी प्रदूषण फैलेगा

(D) चारों तरफ गंदगी फैलेगी

L O CODE : E-512

प्र.125 चित्र में किया जाने वाला काम सफाई करने वालों को कैसा लगता होगा –

(A) काम बहुत बुरा लगता होगा

(B) काम बहुत अच्छा लगता होगा

(C) काम करना अपनी जिम्मेदारी लगती होगी

(D) काम में रूचि रहती होगी

L O CODE : E-512

प्र.126 चित्र में दिखाए गए काम उन लोगों को क्यों करने पड़ते हैं जिन्हें कोई भी करना पसंद नहीं करता –

(A) अपने शौक के लिए (B) अपनी पंसद के लिए

(C) जबरदस्ती करते हैं (D) जीविकोपार्जन के लिए

L O CODE : E-512

प्र.127 प्रश्न का उत्तर देने के लिए नीचे दी गई रिपोर्ट को ध्यान से पढ़िए –

एक दिन सचिन ने सुना कि उसके गाँव की नदी पर एक बहुत बड़ा बाँध बनने वाला है तब सचिन और गाँव के लोगों के घर पानी में डूब जाएंगे और उन्हें अपने पुरखों की जमीन, घर–बार छोड़कर नई जगह चले जाना होगा –

सचिन के गाँव की नदी पर बाँध बनने से उस गाँव के लोगों को कौन सी मुश्किल नहीं होगी –

(A) उनके घर डूब जाएंगे और उनके बुर्जुगों को पुराने घर की याद आएगी।

(B) उनका रोजगार चला जायेगा।

(C) उन्हें अपनी जमीन छोड़कर नई जगह जाना होगा।

(D) उन्हें पर्याप्त मात्रा में पानी मिल जायेगा।

प्र.128 नदी पर बाँध बनने से उसके आसपास के गाँवों को क्या फायदा होगा ?

(A) रोजगार के नए अवसर मिलेंगे (B) बिजली का उत्पादन बढ़ेगा

(C) पवन उर्जा का उत्पादन बढ़ेगा (D) पर्याप्त मात्रा में पानी मिलेगा

प्र.129 स्वास्थ्य और पर्यावरण को बचाने की दृष्टि से ईधन का सबसे उपयुक्त क्रम है –

(A) लकड़ी और उपले – एलपीजी – मिटटी का तेल – बायोगैस

(B) मिटटी का तेल – लकड़ी और उपले – एलपीजी – बायोगैस

(C) बायोगैस – एलपीजी – लकड़ी और उपले – मिटटी का तेल

(D) एलपीजी – मिटटी का तेल – लकड़ी और उपले – बायोगैस

प्र.130 ईंधन की बचत के लिए हमें –

(A) अपनी कार से जाना चाहिए (B) हवाई जहाज से जाना चहिए

(C) अपनी मोटरसाइकिल से जाना चाहिए (D) सामूहिक वाहन का प्रयोग करना चाहिए

प्र.131 प्रदूषण रहित वाहनों का समूह है –

(A) जहाज, कार, ऑटोरिक्शा (B) ट्रक, बस, स्कूटर

(C) साइकिल, रेलगाड़ी, घोड़ागाड़ी (D) बस, कार, रेलगाड़ी

प्र.132 यदि कोई कंपनी तुम्हें लोगों के लिए एक नया वाहन जैसे मिनी बस का डिजाइन करने का मौका दे तो पर्यावरण की सुरक्षा हेतु किस ईंधन का उपयोग करने वाले वाहन का डिजाइन करोगे ?

(A) पेट्रोल (B) सीएनजी

(C) डीजल (D) मिट्‌टी का तेल (केरोसीन)

प्र.133 जब आप किसी मुसीबत या आपदा में है, तब किन संस्थानों की जरूरत पड़ सकती है ?

(A) डाकघर, स्कूल, ग्राम पंचायत (B) मंदिर, वेयरहाऊस, बैंक

(C) धर्मशाला, चिड़ियाघर, एंबुलेंस (D) दमकल केन्द्र, नजदीकी अस्पताल, पुलिस थाना

निर्देश – प्रश्न क्रमांक 133 से प्रश्न क्रमांक 136 तक उत्तर देने के लिए नीचे दी गई भूंकप की रिपोर्ट में दी गई जानकारियों का उपयोग करें।

**भूकंप की रिपोर्ट**

अहमदाबाद 26 जनवरी 2001 आज सुबह–सुबह आए भूंकप से अहमदाबाद शहर की 150 इमारतें ढ़ह गई। आज शाम तक इनके नीचे से कम से कम 250 शव निकाले गए। कम से कम 1000 लोगों के मरने की आशंका है। कई हजार लोग घायल हो गए हैं। बचाव एवं राहत कार्यो के लिए सेना के जवानों को बुलाया गया है।

L O CODE : EVS-512

L O CODE : EVS-512

L O CODE : E-513

L O CODE : E-513

L O CODE : E-513

L O CODE : E-513

L O CODE : E-513

L O CODE : E-513

L O CODE : E-513

प्र.134 सेना के जवानों को बुलाया गया –

(A) सीमा पर युद्व करने के लिए (B) बाढ़ में बह गए लोगों को बचाने के लिए

(C) इमारतों को देखने के लिए (D) बचाव एवं राहत कार्यों के लिए

L O CODE : E-513

प्र.135 भूकंप आने पर क्या नहीं हुआ होगा ?

(A) लोगों के घर ढह गए (B) अस्पताल को नुकसान नही पहुँचा

(C) बहुत सारे लोग घायल हो गए (D) शहर मलबे का ढेर बन गया

L O CODE : E-513

प्र.136 बाढ़ या भूकंप के समय जब लोग बेघर हो, उन्हें कौन से समूह के सामान की आवश्यकता होगी ?

(A) घर, खिलौने, दवाई, अनाज (B) फल, कपड़े, दरी, मंदिर

(C) अस्पताल, सब्जी, जूस, बिस्तर (D) खाने पीने का सामान, कपड़े, दवाईयां, कैंप

L O CODE : E-513

प्र.137 इन शब्दों को ध्यान से पढ़िए –

घायल लोग, डूबे घर, जानवरों के बहते शरीर, नदी का पानी, लोगों के शव और दुखी लोग, यह शब्द किस प्राकृतिक आपदा की ओर संकेत कर रहे हैं –

(A) भूकंप (B) बाढ़

(C) तूफान (D) चक्रवात

L O CODE : EVS-513

प्र.138 यदि आपके गाँव या शहर में आग लग जाती है तो आप क्या करेंगे –

(A) दमकल केन्द्र को सूचित कर स्वयं लोगों की मदद करेंगे

(B) बाल आयोग को सूचित करेंगे

(C) महिला आयोग को सूचित करेंगे

(D) दूसरे लोगों को मदद करने को कहेगें

L O CODE : E-513


प्र.139 खानों से खनिज निकालने से होगा –

(A) जमीन को कोई फर्क नहीं पड़ेगा (B) जमीन खोखली हो जायेगी


(C) जमीन में फिर खनिज पैदा हो जायेगा (D) जमीन उर्वरक हो जायेगी

L O CODE : EVS-513

निर्देश– नीचे दिए ग्राफ को ध्यान से देखिए और प्रश्नों के उत्तर दीजिए –




सन् 1966




सन् 1986

L O CODE : E-513

प्र.140 कौन से ईंधन के उपयोग में कमी आई है ?

(A) बिजली (B) उपले और लकड़ी

(C) एल.पी.जी. (D) कोयला

L O CODE : E-513

प्र.141 एल.पी.जी. का उपयोग बड़ा है –

(A) जिससे प्रदूषण बढ़ेगा (B) प्रदूषण घटेगा

(C) प्रदूषण न घटेगा न बढ़ेगा (D) कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा

L O CODE : E-513

प्र.142 किस भोज्य पदार्थ समूह को लेने पर शरीर स्वस्थ और फुर्तीला रहेगा –

(A) चिप्स, बर्गर, कुरकुरे (B) पुड़ी, तले चने, मटर

(C) अंकुरित अनाज, हरी सब्जियाँ, फल (D) ब्रेड पकोड़ा, मंगोड़ी, समोसा

L O CODE : E-510

प्र.143 दिये गए मानचित्र को ध्यान से देखिए। बताइए कि भोपाल हिमालय पर्वत की किस दिशा में स्थित है ?




(A) पूर्व (B) पश्चिम

(C) उत्तर (D) दक्षिण

L O CODE : E-510

प्र.144 बताइए कि बंगाल की खाड़ी भोपाल की किस दिशा में है ?

(A) उत्तर (B) दक्षिण

(C) पूर्व (D) पश्चिम

L O CODE : E-510

प्र.145 हिन्द महासागर की ओर जाने के लिए कौन सी दिशा में जाना होगा –

(A) पूर्व (B) उत्तर

(C) दक्षिण (D) पश्चिम

L O CODE : E-510


प्र.146 भोपाल से खम्बात की खाड़ी की ओर जाने के लिए किस दिशा में जाना होगा ?

(A) पूर्व (B) पश्चिम

(C) उत्तर (D) दक्षिण

L O CODE : E-510

प्र.147 दिये गए नक्शें को ध्यान से देखिए।



बताइए कि ग्राम पंचायत भवन से खेल का मैदान किस दिशा में है ?

(A) पूर्व (B) पश्चिम

(C) उत्तर (D) दक्षिण

LO CODE : E-510

प्र.148 बताइए कि अस्पताल ग्राम पंचायत भवन की किस दिशा में है ?

(A) पश्चिम (B) पूर्व

(C) उत्तर (D) दक्षिण

LO CODE : E-510

प्र.149 बताइए मंदिर की किस दिशा में ग्राम पंचायत भवन है ?

(A) पश्चिम (B) पूर्व

(C) उत्तर (D) दक्षिण

LO CODE : E-512

प्र.150 जन्म के समय सबसे पहले कौन–सा सरकारी दस्तावेज बनाया जाता है ?

(A) जन्म प्रमाण पत्र (B) आधार कार्ड

(C) समग्र आई डी (D) राशन कार्ड

LO CODE : E-513

प्र.151 इनमें से किस प्रकार का शौचालय स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से अधिक सुरक्षित है?

(A) पानी के बिना सार्वजनिक शौचालय (B) पानी के साथ ढका हुआ शौचालय

(C) पानी के बिना ढका हुआ शौचालय (D) पानी के साथ खेत में खुला शौचालय

LO CODE : E-513

प्र.152 इनमें से किस प्रकार का शौचालय स्वच्छता एवं स्वास्थ्य की दृष्टि से अधिक असुरक्षित है?

(A) पानी के बिना सार्वजनिक शौचालय (B) पानी के साथ ढका हुआ शौचालय

(C) पानी के बिना ढंका हुआ शौचालय (D) पानी के साथ खेत में खुला शौचालय

## अभ्यास प्रश्नबैंक, कक्षा-5, विषय- पर्यावरण अध्ययन
## उत्तरमाला (Answer Key)

| Q. No. | Key | Q. No. | Key | Q. No. | Key | Q. No. | Key | Q. No. | Key |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | C | 33 | C | 65 | D | 97 | B | 129 | C |
| 2 | C | 34 | B | 66 | C | 98 | A | 130 | D |
| 3 | B | 35 | D | 67 | C | 99 | A | 131 | C |
| 4 | B | 36 | A | 68 | A | 100 | A | 132 | B |
| 5 | C | 37 | B | 69 | D | 101 | D | 133 | D |
| 6 | C | 38 | C | 70 | D | 102 | B | 134 | D |
| 7 | C | 39 | B | 71 | A | 103 | C | 135 | B |
| 8 | A | 40 | C | 72 | A | 104 | A | 136 | D |
| 9 | B | 41 | B | 73 | B | 105 | C | 137 | B |
| 10 | C | 42 | C | 74 | A | 106 | D | 138 | A |
| 11 | B | 43 | A | 75 | B | 107 | C | 139 | B |
| 12 | C | 44 | B | 76 | B | 108 | D | 140 | B |
| 13 | D | 45 | C | 77 | C | 109 | C | 141 | B |
| 14 | A | 46 | B | 78 | D | 110 | C | 142 | C |
| 15 | B | 47 | A | 79 | C | 111 | C | 143 | D |
| 16 | B | 48 | A | 80 | B | 112 | C | 144 | C |
| 17 | B | 49 | C | 81 | B | 113 | D | 145 | C |
| 18 | D | 50 | C | 82 | A | 114 | A | 146 | C |
| 19 | D | 51 | A | 83 | B | 115 | B | 147 | B |
| 20 | C | 52 | B | 84 | D | 116 | C | 148 | D |
| 21 | C | 53 | A | 85 | C | 117 | C | 149 | D |
| 22 | B | 54 | A | 86 | B | 118 | C | 150 | A |
| 23 | D | 55 | D | 87 | A | 119 | A | 151 | B |
| 24 | B | 56 | B | 88 | B | 120 | D | 152 | D |
| 25 | B | 57 | B | 89 | A | 121 | C | | |
| 26 | B | 58 | D | 90 | B | 122 | D | | |
| 27 | C | 59 | C | 91 | A | 123 | C | | |
| 28 | D | 60 | A | 92 | B | 124 | C | | |
| 29 | B | 61 | B | 93 | B | 125 | C | | |
| 30 | B | 62 | D | 94 | B | 126 | D | | |
| 31 | C | 63 | C | 95 | B | 127 | D | | |
| 32 | B | 64 | C | 96 | A | 128 | B | | |

# L O CODE, CLASS - 5, SUBJECT - EVS

| L O Code | सीखने के प्रतिफल |
|---|---|
| **EVS-501** | पशु-पक्षियों को अति संवेदी इंद्रियों और असाधारण लक्षणों (दृष्टि, गंध, श्रवण, नींद, ध्वनि आदि) के आधार पर ध्वनि तथा भोजन के प्रति उनकी प्रतिक्रिया की व्याख्या करते हैं। |
| **EVS-502** | दैनिक जीवन की आधारभूत आवश्यकताओं (भोजन, जल आदि) और उन्हें उपलब्ध कराने की प्रक्रिया तथा तकनीकी को समझते हैं, उदाहरण के लिए खेत में उत्पन्न वस्तुओं का रसोई घर पहुँचना, अनाज का रोटी बनना, संरक्षण तकनीकों, जल स्रोतों का पता लगाने और जल एकत्रित करने की तकनीक को समझाते हैं। |
| **EVS-503** | पेड़-पौधों, जीव-जंतुओं तथा मनुष्यों में परस्पर निर्भरता का वर्णन करते हैं। (उदाहरण के लिए आजीविका के लिए समुदायों की जीव-जंतुओं पर निर्भरता और साथ ही बीजों के प्रकीर्णन में जीव-जंतुओं और मनुष्य की भूमिका आदि) |
| **EVS-504** | दैनिक जीवन में उपयोगी विभिन्न संस्थाओं (बैंक, पंचायत, सहकारी, पुलिस थाना आदि) की भूमिका तथा कार्यों का वर्णन करते हैं। |
| **EVS-505** | भू-क्षेत्रों, जलवायु, संसाधनों (भोजन, जल, आश्रय, आजीविका) तथा सांस्कृतिक जीवन में आपसी संबंध स्थापित करते हैं। (उदाहरण के लिए दूरस्थ तथा कठिन क्षेत्रों जैसे गर्म/ठंडे मरुस्थलों में जीवन।) |
| **EVS-506** | वस्तुओं, सामग्री तथा गतिविधियों का उनके लक्षणों तथा गुणों जैसे-आकार, स्वाद, रंग, स्वरूप, ध्वनि आदि विशिष्टताओं के आधार पर समूह बनाते हैं। |
| **EVS-507** | वर्तमान तथा अतीत में हमारी आदतों/पद्धतियों, प्रथाओं, तकनीकों में आए अंतर को सिक्कों, पेंटिंग, स्मारक, संग्रहालय के माध्यम से तथा बड़ों से बातचीत कर पता लगाते हैं, (उदाहरण के लिए फ़सल उगाने, संरक्षण, उत्सव, वस्त्रों, वाहनों, सामग्रियों या उपकरणों, व्यवसायों, मकान तथा भवनों, भोजन बनाने, खाने तथा कार्य करने के संबंध में।) |
| **EVS-508** | परिघटनाओं की स्थितियों और गुणों का अनुमान लगाते हैं। स्थान संबंधी मात्रकों, दूरी, क्षेत्रफल, आयतन, भार का अनुमान लगाते हैं और साधारण मानक इकाइयों द्वारा व्यक्त तथा साधारण उपकरणों/सेटअप द्वारा उनके सत्यापन की जाँच करते हैं। (उदाहरण के लिए तैरना, डूबना, मिश्रित होना, वाष्पन, अंकुरण, नष्ट होना, श्वास लेना, स्वाद आदि।) |
| **EVS-509** | अवलोकनों, अनुभवों तथा जानकारियों को एक व्यवस्थित क्रम में रिकार्ड करते हैं (उदाहरण के लिए सारणी, आकृतियों, बारग्राफ़, पाई चार्ट आदि के रूप में) और कारण तथा प्रभाव में संबंध स्थापित करने हेतु गतिविधियों, परिघटनाओं में पैटर्नों का अनुमान लगाते हैं (उदाहरण के लिए तैरना, डूबना, मिश्रित होना, वाष्पन, अंकुरण, नष्ट होना, खराब हो जाना)। |
| **EVS-510** | संकेतों, दिशाओं, विभिन्न वस्तुओं की स्थितियों, इलाकों के भूमि चिह्नों और भ्रमण किए गए स्थलों को मानचित्र में पहचानते हैं तथा विभिन्न स्थलों की स्थितियों के संदर्भ में दिशाओं का अनुमान लगाते हैं। |
| **EVS-511** | आस पास भ्रमण किए गए स्थानों के पोस्टर, डिजाइन, मॉडल, ढाँचे, स्थानीय सामग्रियाँ, चित्र, नक्शे विविध स्थानीय और बेकार वस्तुओं से बनाते हैं। और कविताएँ/नारे/यात्रा वर्णन लिखते हैं। |
| **EVS-512** | अवलोकन और अनुभव किए गए मुद्दों पर आवाज़ उठाकर अपने मत व्यक्त करते हैं और व्यापक सामाजिक मुद्दों को समाज में प्रचलित रीतियों/घटनाओं, जैसे – पहुँच के लिए भेदभाव, संसाधनों के स्वामित्व, प्रवास/ विस्थापन/ परिवर्तन और बाल अधिकार आदि से जोड़ते हैं। |
| **EVS-513** | स्वच्छता, स्वास्थ्य, अपशिष्टों के प्रबंधन, आपदा/आपातकालीन स्थितियों से निपटने के संबंध में तथा संसाधानों (भूमि, ईंधन, वन, जंगल इत्यादि) की सुरक्षा हेतु सुझाव देते हैं तथा सुविधावंचित के प्रति संवेदना दर्शाते हैं। |